VASISHTHA GENESIS SCHOOL, BARDOLI
(Academic Session 2025-26)

Date: ________ Class: 5 Div: A/C Roll No: ______ Sub: 2L Hindi

Name: ______________________________ Worksheet: P.T.2 - 1

## पाठ -10 राष्ट्रमंडल खेल

**प्रश्न 1. पाठ-चर्चा प्रश्नों के उत्तर :**

i. **राष्ट्रमंडल खेलों की शुरुआत का श्रेय किसे जाता है ?**

उ. राष्ट्रमंडल खेलों की शुरुआत का श्रेय मार्क्स रॉबिनसन को जाता है ।

ii. **सबसे पहले राष्ट्रमंडल खेल किस शहर में आयोजित किए गए ?**

उ. सबसे पहले राष्ट्रमंडल खेल कनाडा के हैमिल्टन शहर में आयोजित किए गए ।

iii. **राष्ट्रमंडल खेल पहले किस नाम से जाने जाते थे ?**

उ. राष्ट्रमंडल खेल पहले 'ब्रिटिश एंपायर गेम्स' के नाम से जाने जाते थे ।

iv. **राष्ट्रमंडल खेलों के सदस्य देश कितने हैं ?**

उ. राष्ट्रमंडल खेलों के सदस्य देशों की संख्या 54 हैं ।

**अधिकतम शब्दों में प्रश्नों के उत्तर :**

i. **एम्सटर्डम ओलंपिक की समाप्ति पर रॉबिनसन ने क्या सोचा और क्यों ?**

उ. एम्सटर्डम ओलंपिक की समाप्ति पर रॉबिनसन ने सोचा कि क्यों न ब्रिटिश सत्ता के अधीन सभी देशों के खिलाड़ियों के लिए किसी खेल मेले का आयोजन किया जाए। उसने ऐसा इसलिए सोचा कि कई देशों के खिलाड़ियों को ओलंपिक या दूसरी विश्वस्तरीय खेल स्पर्धाओं में अपने देश के नागरिक के रूप में भाग लेने का मौका नहीं मिल पाता था क्योंकि वे स्वतंत्र देश न होकर ब्रिटिश साम्राज्य के गुलाम थे ।

ii. **रॉबिनसन के प्रयासों से किन खिलाड़ियों को और किस रूप में लाभ मिला ?**

उ. रॉबिनसन के प्रयासों से ऐसे सैकड़ों खिलाड़ी और छुपी खेल प्रतिभाएँ सामने आईं, जो गुमनामी और उपेक्षा के अँधेरे में गुम हो गई होतीं अगर ये खेल न हुए होते ।

iii. **कॉमनवेल्थ (राष्ट्रमंडल) शब्द का अर्थ बताओ ।**

उ. कॉमनवेल्थ (राष्ट्रमंडल) शब्द का अर्थ है- समान सोच, विरासत और संस्कृतिवाले देश । यह उन 54 देशों का समूह है, जो कभी ब्रिटिश साम्राज्य का हिस्सा थे । यह कोई राजनैतिक मंच या संगठन नहीं है बल्कि मित्र देशों की सरकारों का एक ऐसा संगठन है, जिसके अंतर्गत रंग, संस्कृति, धर्म और भाषा की विविधतावाले देश एक समान माने और समझे जाते हैं।

iv. **सिंगापुर घोषणा के अनुसार सदस्य देशों के कोई तीन लक्ष्य और आदर्श लिखो ?**

उ. सिंगापुर घोषणा के अनुसार सदस्य देशों के लक्ष्य और आदर्श हैं- शांतिपूर्ण सहअस्तित्व का पालन करना, मैत्री और भाईचारा बढ़ाना, मानवाधिकारों का आदर करना और उनका पालन करना ।

प्रश्न 2. दिए गए वाक्यों को उचित योजक शब्द से जोड़कर लिखिए :

( और, क्योंकि ,परंतु, तो, क्योंकि )

i. मैंने उसको समझाया | वह समझ न सका |

उत्तर- --------------------------------------------------------------------------------

ii. मेहनत करोगे | पास हो जाओगे |

उत्तर- --------------------------------------------------------------------------------

iii. वरुण रोज़ पढ़ता है | उसे प्रथम आना है |

उत्तर- --------------------------------------------------------------------------------

iv. मैंने ऐसा किया | तुम चाहते थे |

उत्तर- --------------------------------------------------------------------------------

v. मैत्री | भाईचारा बढ़ाना |

उत्तर- --------------------------------------------------------------------------------

प्रश्न 3. दिए गए प्रत्यय और उपसर्ग से शब्द बनाइए :

i. आयोजन + इत = आयोजित

ii. पर + अधीन = पराधीन

iii. प्रमाण + इत = प्रमाणित

iv. अनु + रूप = अनुरूप

v. नगर + इक = नागरिक

vi. स्व + तंत्र = स्वतंत्र

vii. कल्पना + इक = काल्पनिक

viii. स्व + अभिमान = स्वाभिमान

ix. समाज + इक = सामाजिक

x. प्रति + एक = प्रत्येक

xi. इति + आदि = इत्यादि

xii. मानव + अधिकार = मानवाधिकार

**VASHISHTHA GENESIS SCHOOL, BARDOLI**
(Academic Session 2025-26)

**Date: ________ Class: 5 Div: A/C Roll No: ______ Sub: 2L Hindi**
**Name: ______________________________ Worksheet: P.T.2 - 2**

## पाठ -11 प्रभु तुम मेरे मन की जानो

**प्रश्न 1. पाठ-चर्चा प्रश्नों के उत्तर :**

i. **कविता में किस कुरीति के बारे में कहा गया है ?**
उ. कविता में छुआछूत के बारे में कहा गया है।

ii. **भक्तिन मंदिर क्यों नहीं जा पाती ?**
उ. भक्तिन छुआछूत की परंपरा के कारण मंदिर नहीं जा पाती।

iii. **भक्तिन को अँधेरे में छिपकर मंदिर क्यों आना पडा ?**
उ. निर्मम समाज की नज़र से स्वयं को छिपाने के लिए भक्तिन को अंधेरे में छिपकर मंदिर आना पड़ा।

iv. **भक्तिन का मन क्या मानने को तैयार नहीं है ?**
उ. भक्तिन का मन यह मानने को तैयार नहीं है कि ईश्वर दो हैं।

**अधिकतम शब्दों में प्रश्नों के उत्तर :**

i. **मंदिर में पूजा करने से भक्तिन को कौन रोकता है ?**
उ. मंदिर का पुजारी भक्तिन को पूजा करने से रोकता है ।

ii. **भक्तिन समाज के कौन-से बंधनों की बात कर रही है ?**
उ. भक्तिन समाज के छुआछूत, धनी-निर्धन के भेदभाव के बंधनों की बात कर रही है। उसका कहना है कि वह समाज के इन निर्मम बंधनों को नहीं सह सकती।

iii. **भक्तिन के मन में किस कारण से विद्रोही ज्वाला जल उठती है ?**
उ. सवर्णों- अवर्णों के भगवान अलग-अलग होने की बात सुनकर भक्तिन के मन में विद्रोही ज्वाला जल उठती है ।

iv. **भक्तिन ईश्वर से क्या सुनना चाहती है ?**
उ. भक्तिन ईश्वर से सुनना चाहती है कि स्वयं ईश्वर को छुआछूत, धनी-निर्धन, छोटे-बड़े आदि भेदभावों में विश्वास नहीं है।

v. **समाज को निर्मम क्यों कहा गया है ?**
उ. समाज ने छूत-अछूत, ऊँच-नीच, धनी-निर्धन आदि के आधार पर मनुष्य-मनुष्य में भेद किया है। इतना ही नहीं, उसने ईश्वर को भी नहीं छोड़ा, उसके भी टुकड़े कर दिए इसलिए समाज को निर्मम कहा गया है।

**प्रश्न 2. कवितांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

**कह देता है किंतु पुजारी यह तेरा भगवान नहीं है ।**
**दूर कहीं मंदिर अछूत का और दूर भगवान कहीं है ॥**
**मैं सुनती हूँ जल उठती है मन में यह विद्रोह ज्वाला ।**
**यह कठोरता, ईश्वर को भी जिसने टूक-टूक कर डाला ॥**

➢ **प्रश्नों के उत्तर :-**

i. **पुजारी क्या कहता है ?**

उ. पुजारी कहता है कि यह भगवान तुम्हारा नही है। अछूत का मंदिर और भगवान दूर किसी दूसरी जगह पर है ।

ii. **ईश्वर को भी क्या कर डाला ?**

उ. ईश्वर के भी टुकड़े कर डाले |

iii. **'टूक-टूक' शब्द का क्या अर्थ है ?**

उ. 'टूक-टूक' शब्द का अर्थ है 'टुकड़े करना'।

iv. **इस कविता (अंश) की रचनाकार कौन हैं ?**

उ. इस कवितांश की रचनाकार सुभद्रा कुमारी चौहान हैं ।

**प्रश्न 3. उचित स्थान पर ं या ँ लगाकर शब्द फिर से लिखिए :**

i. पडित - पंडित ii. मुह - मुँह

iii. रग - रंग iv. नही - नहीं

v. दवाइया - दवाइयाँ vi. पखा - पंखा

vii. वस्तुए - वस्तुएँ viii. गाव - गाँव

ix. मुह - मुँह x. झडा - झंडा

xi. नही - नहीं xii. जाऊ - जाऊँ

**प्रश्न 4. उचित संबंधबोधक अव्यय छाँटकर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :**

**( के बाद, की ओर, के विरुद्ध, के पास, के बावजूद, के सामने )**

i. मेरे घर -------------------- दवाइयों की दुकान है |

ii. राम जंगल -------------------- चल पड़े |

iii. पैसेवाला होने -------------------- भी वह विनम्र है |

iv. सबके चले जाने -------------------- तुम आए हो |

v. मैं किसी -------------------- गवाही नहीं दूँगा |

vi. सुरभि घर -------------------- ही रहती है |

**प्रश्न 5. दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए : -**

i. छूत x -------------------- ii. दूर x -------------------- iii. नफ़रत x --------------------

iv. कोमलता x -------------------- v. प्रकाश x -------------------- vi. धनी x --------------------

**VASISHTHA GENESIS SCHOOL, BARDOLI**
(Academic Session 2025-26)

**Date: ________ Class: 5 Div: A/C Roll No: ______ Sub: 2L Hindi**

**Name: ______________________________ Worksheet: P.T.2-3**

**पाठ -19 कहानी-लेखन**

**प्रश्न 1. नीचे दिए गए संकेत-शब्दों के आधार पर कहानी लिखो :-**

i. **सोनू के घर के आँगन में एक पीपल का पेड़ ----- छाँव देना ----- वातावरण शुद्ध करना ----पक्षियों का घर ----- बारिश- आँधी में उखड़ना ----- सोनू उदास ----- मम्मी का पौधारोपण का सुझाव ----- सोनू का दो पौधे लाना ----- आँगन में लगाना ----- मित्रों का हँसना ------ वृक्षों के लाभ गिनाना ----- रोज़ पानी देना, इंतज़ार करना ----- कुछ वर्ष बाद बड़े-बड़े पेड़ बनना ------ पक्षियों द्वारा घोंसले बनाना ----- ठंडी हवा और छाँव मिलना |**

उत्तर - सोनू के घर के आँगन में एक पीपल का पेड़ था | वह पेड़ सभी को छाँव देता था, वातावरण को शुद्ध करता था |उस पर अनेक पक्षियों ने अपने घर बनाए हुए थे | एक दिन खूब ज़ोर से आँधी तथा बारिश आई जिसमें पीपल का पेड़ उखड़ गया | यह देख सोनू बहुत उदास हुआ | उसे उदास देखकर मम्मी ने उसे पौधारोपण का सुझाव दिया | सोनू दो पौधा लेकर आया तथा उन्हें अपने आँगन में लगाया | उसके सभी मित्र उसके इस कार्य पर हँसने लगे | सोनू ने उन्हें वृक्षों के लाभ गिनाएँ | वह इन्हें रोज़ पानी देता तथा इंतज़ार करता कि कब वे पौधे पेड़ बनेंगे | कुछ वर्षो बाद वे पौधे पेड़ बन गए | पक्षियों ने उनपर अपने घोंसले बनाए | सभी को उनकी ठंडी हवा तथा छाँव मिलने लगी |

शिक्षा - पौधारोपण का बढ़ावा/ अधिक से अधिक वृक्ष लगाना चाहिए / वृक्ष हमारे लिए फायदेमंद

ii. **हामिद का दादी के साथ रहना ----- गरीब होना ----- चिमटा न होना ----- दादी का हाथ जलना ---- ईद आना | दादी का हामिद को मेले में जाने के लिए पैसे देना ------- बच्चों का खिलौने, मिठाइयाँ खरीदना ------ हामिद का दादी के लिए चिमटा लेना ------ दादी का बहुत खुश होना और हामिद को गले लगाना |**

उत्तर - हामिद अपनी दादी के साथ ईदगाह रहता था | वे बहुत गरीब थे | दादी खाना बनाती तो चिमटा न होने के कारण उसका हाथ जल जाता | ईद आई तो सभी बच्चों के साथ हामिद भी मेले जाने लगा | दादी ने हामिद को मेले जाने के लिए पैसे दिए | मेले में सब बच्चों ने खिलौने और मिठाइयाँ खरीदीं | हामिद ने दादी के लिए चिमटा खरीदा | जब घर जाकर उसने चिमटा दादी को दिखाया तो दादी बहुत खुश हुई | उसने हामिद को गले से लगा लिया |

शिक्षा - हामिद की समझदारी, बुद्धिमानी |

**VASISHTHA GENESIS SCHOOL, BARDOLI**
(Academic Session 2025-26)

Date: ________ Class: 5 Div: A/C Roll No: ______ Sub: 2L Hindi
Name: ______________________________ Worksheet: P.T.2 - 4 REVISION W.S.

**प्रश्न 1. निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर चुनकर लिखिए-:**

**क. निम्नलिखित वाक्यों के काल बताओ -**

i. 15 अगस्त, 1947 को भारत स्वतंत्र हुआ था | ---------- भूतकाल
ii. अगले महीने प्रियका 21 वर्ष की हो जाएगी |---------- भविष्यतकाल
iii. चाँद आसमान में चमकता है | ---------- वर्तमानकाल
iv. प्रेमचंद ने लगभग 300 कहानियाँ लिखी थीं | ---------- भूतकाल
v. शायद मैं कल विद्यालय न जाऊँ | ---------- भविष्यतकाल

**ख. निम्नलिखित वाक्यों में काल के भेद पहचानकर ✓लगाओ -**

i. सदा सत्य क्रियाएँ किस काल के अंतर्गत आती हैं ?
क. भूतकाल ख. वर्तमानकाल ✓ ग. कारक घ. भविष्यतकाल

ii. 'अगले महीने राहुल 21 वर्ष का हो जाएगा |'
क. भूतकाल ख. वर्तमानकाल ग. कारक घ. भविष्यतकाल ✓

iii. क्रिया के जिस रूप से कार्य के बीते समय में होने का पता चलता है, उसे -----------------कहते हैं |
क. भूतकाल ✓ ख. वर्तमानकाल ग. कारक घ. भविष्यतकाल

iv. 'माँ एस.एम.एस. कर रही हैं |'इस वाक्य में कौन-सा काल है ?
क. भूतकाल ख. वर्तमानकाल ✓ ग. कारक घ. भविष्यतकाल

**ग. दिए गए वाक्यों में क्रियाविशेषण शब्द पहचानकर लिखिए -**

i. बिल्ली गटागट दूध पी गई | ---------- गटागट
ii. मीशा प्रतिदिन खेलती है | ---------- प्रतिदिन
iii. चूहा इधर-उधर दौड़ रहा है | ---------- इधर-उधर
iv. तुम बिलकुल सही कर रहे हो | ---------- बिलकुल
v. दाएँ-बाएँ देखकर सड़क पार करनी चाहिए | ---------- दाएँ-बाएँ

घ. दिए गए वाक्यों में **संबंधबोधक शब्दपहचानकर लिखिए -**

i. नई टीम में अजीत की जगह सौरभ को लिया गया है | ---------- की जगह

ii. कुत्ता आदित्य के पीछे पड़ गया | ---------- के पीछे

iii. यह रेल दक्षिण राज्यों की ओर जाती है | ---------- की ओर

iv. मुझे लाल की अपेक्षा हरा रंग ज्यादा पसंद है | ---------- की अपेक्षा

v. भगवान के सिवा उसका कोई नहीं है | ---------- के सिवा

vi. रानी फूल की तरह कोमल है | ---------- की तरह

vii. सुरंग के भीतर अँधेरा है | ---------- के भीतर

ङ. दिए गए वाक्यों में **विस्मयादिबोधक पहचानकर लिखिए -**

i. बाप रे ! इतना पानी कहाँ से आ गया ? ---------- बाप रे !

ii. थू-थू ! यह क्या खिला दिया ? ---------- थू - थू !

iii. हाय ! यह क्या हो गया ? ---------- हाय !

iv. वाह ! कितना सुंदर दृश्य है | ---------- वाह !

v. ओह ! तो तुम हो | ---------- ओह !

vi. खबरदार ! किसी चीज़ को हाथ मत लगाना | ---------- खबरदार !

vii. छि: ! कितनी मक्खियाँ हैं | ---------- छि: !

viii. काश ! मैं भी जा पाता | ---------- काश !

च. दिए गए वाक्यों में **समुच्चयबोधक शब्द है|**

i. चाहे छोटा हो या बड़ा सभी भारतीय हैं | ---------- या

ii. खूब पढ़ो वरना फेल हो जाओगे | ---------- वरना

iii. रोज व्यायाम करो ताकि स्वस्थ रहो | ---------- ताकि

iv. लता और आशा जी दोनों अच्छा गाती हैं | ---------- और

v. ऐसे काम करो जिससे सबका भला हो | ---------- जिससे

vi. पैसेवाले हो परंतु कंजूस हो | ---------- परंतु

vi. अविकारी शब्द के कितने प्रकार हैं ? ---------- चार